**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–02.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हजारीबाग से 79 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम योजना अभियान का करेंगे शुभारंभ।**
2. **श्री मोदी 83 हजार 700 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन भी करेंगे।**
3. **झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा, अगर कांग्रेस पार्टी को हेमंत सोरेन का नेतृत्व स्वीकार नहीं तो राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों पर अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है झामुमो।**
4. **देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर अर्पित कर रहा है श्रद्धांजलि, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती आज।**
5. **रांची में खेले जा रहे राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैम्पियनशिप में झारखंड ने तमिलनाडु को 11– शून्य से हराया, प्रतियोगिता में टीम की यह लगातार दूसरी जीत।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज हज़ारीबाग़ आएंगे, जहां वे 79 हजार 156 करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री 83 हजार 700 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन भी करेंगे। यह कार्यक्रम विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद श्री मोदी 20 सितंबर को शुरू हुए भाजपा की परिवर्तन यात्रा समारोह के समापन अवसर पर हज़ारीबाग़ के गांधी मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के दायरे में लगभग 63 हजार गांव आएंगे।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान से पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को इस योजना को लाभ मिलेगा–

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब–जब झारखंड आते हैं तो नयी और अच्छी योजनाएं लेकर आते हैं। सरायकेला में पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे से लोगों में काफी उत्साह है।

**********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार पर पांच साल तक भ्रष्टाचार में डूबे रहने के आरोप लगाए हैं। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बोकारो में कहा कि विपक्षी दल लोगों को बांट रही है और उनके बीच झूठ का प्रचार कर रही है।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि अगर कांग्रेस पार्टी को हेमंत सोरेन का नेतृत्व स्वीकार नहीं है तो झामुमो राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। श्री भट्टाचार्य ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अगर 25 से 30 सीटें जीतती है तो मुख्यमंत्री एक तय समय के बाद कांग्रेस पार्टी से भी होगा। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने राज्य में 35 से 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

**********************

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। देश भर में आज अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज सवेरे बापू की समाधि, राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई है। राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती के अवसर पर स्मरण कर रहा है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह दस बजे नई दिल्ली में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम स्वच्छता के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण जन–आंदोलन स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ के दस वर्ष पूरे होने को दर्शाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नौ हजार छह सौ करोड़ रुपये की लागत की साफ–सफाई और स्वच्छता से संबंधित कई परियोजनाओं का उद्धाटन भी करेंगे।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों से सत्य, अहिंसा, प्रेम और पवित्रता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेने और महात्मा गांधी के सपनों के भारत के विचार के साथ देश और समाज के विकास को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास करने का आह्वान किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सत्य और अहिंसा के अनुयायी बापू का जीवन पूरी मानवता के लिए एक विशिष्ट संदेश है।

*******************

स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान आज महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर सम्पन्न होगा। इस अभियान में देश भर की राज्य सरकारों, स्थानीय अधिकारियों और सामुदायिक समूहों की सक्रिय भागीदारी देखी गई है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से शुरू किया गया था। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने लोगों से आज सुबह 9 बजे से स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने का आग्रह किया है।

*******************

जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमिकों के लिए एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

*******************

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जा रहे राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैम्पियनशिप में झारखंड ने तमिलनाडु को 11– शून्य से हरा दिया है। प्रतियोगिता में यह झारखंड की लगातार दूसरी जीत है।

*******************

मौसम विभाग ने इस बार दुर्गा पूजा के दौरान बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि दस अक्टूबर तक झारखंड से मॉनसून की विदाई होगी लेकिन इससे पहले दुर्गा पूजा के दौरान चार से छह अक्टूबर तक रांची, खूंटी और रामगढ़ समेत आसपास के इलाकों में मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर के बाद से तापमान में कमी आएगी और ठंड का एहसास होने लगेगा।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

**दैनिक भास्कर** ने पहले पन्ने पर लिखा है– हजारीबाग में उग्रवादियों ने पांच हाइवा को आग लगाई, ड्राइवरों से मारपीट और फायरिंग भी की।
**प्रभात खबर** की सुर्खी है विधानसभा नियुक्ति प्रोन्नति घोटाले की जांच में राज्य सरकार और विधानसभा अगर सहयोग ना करें तो जांच एजेन्सी सीबीआई अदालत से भी मदद ले सकती है।
**हिन्दुस्तान** ने प्रधानमंत्री के हजारीबाग दौरे की खबर को लीड बनाया है।
**दैनिक जागरण** ने जलसहिया करेगी गड़बड़ी करनेवाले ठेकेदारों की चौकीदारी को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

******समाप्त************